कृति सैनन को नहीं पसंद आइटम नंबर का टैग

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन को आइटम नंबर टैग पसंद नहीं है। कृति हाल ही में फिल्म कलंक में एक स्पेशल अपीयरेंस में नजर आई थीं। वह इस फिल्म के गाने 'ऐरा गैरा' में परफॉर्म करती नजर आई थी। कृति को आइटम नंबर टैग से परेशानी है। कृति ने कहा कि यह अभिनेत्रियों के लिए थोड़ा अपमानजनक है। जब ऐसे ही गानों पर सलमान खान और शाहरुख खान जैसे सितारे परफॉर्म करते हैं तो उनके गानों को आइटम नंबर नहीं कहा जाता है।

कृति ने कहा कि इन सॉन्ग को लोग आइटम नंबर क्यों कहते हैं, मुझे समझ नहीं आता। ये अच्छी वाइब्स नहीं देता है। ये सिर्फ डांस नंबर्स हैं जो फिल्म के एंटरटेन्मेन्ट फैक्टर के चलते फिल्मों में होता है और इन सॉन्ग्स को ऑडियन्स पसंद करती है, तो क्यों नहीं इन सॉन्ग्स की तरफ थोड़ा बेहतर नजरिया अपनाया जाए और ऐसे लोगों के प्रति भी पॉजिटिव रवैया दिखाएं जो इन गानों को बना रहे हैं। जब आमिर सर, शाहरूख सर और सलमान सर फिल्मों में स्पेशल परफॉर्मेंस देते हैं तो उन्हें आइटम नंबर नहीं कहा जाता है, तो फिर लड़कियां के मामले में ऐसा क्यों है? इस तरह के माइंडसेट में बदलाव की जरूरत है।

कृति ने कहा,मैं इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी और मुझे ऑफर्स आए तो मैं मॉडलिंग और एक्टिंग की तरफ मुड़ गई। मुझे एहसास हुआ कि मैं ऐसा कर सकती हूं क्योंकि मैं हमेशा से ही क्रिएटिव रही हूं। मुझे डांस करना भी पसंद है। सो वो कोई भी डांस नंबर हो, वे सभी मेरे दिल के करीब हैं। इसलिए मुझे ये आइटम सॉन्ग का टैग थोड़ा बुरा लगता है। मैं भविष्य में एक डांस फिल्म में भी काम करना चाहूंगी।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

रागिनी एमएमएम रिटर्न्स वेब सीरीज के दूसरे सीजन में होगी अंतरा बनर्जी

अल्ट बालाजी बहुत जल्द अपने फैंस के लिए रागिनी एमएम रिटर्न्स 2 वेब सीरीज लेकर आने वाला है. वेब सीरीज के इस पार्ट में आरती खेत्रपाल, रिशिका नाग, आद्या गुप्ता, विक्रम सिंह राठौड़ और मोहित दुसेजा दिखाई देने वाले हैं. इसके साथ ही बात करें लेटेस्ट अपडेट की तो इस वेब सीरीज की स्टार कास्ट में एक और मशहूर नाम शामिल हो गया है. ये नाम है एकता कपूर के शो कसौटी जिंदगी की में दिखाई दी अभिनेत्री अंतरा बनर्जी का. टेलीचक्कर की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार बताया जा रहा है कि रागिनी एमएम रिटर्न्स 2 वेब सीरीज के लिए मेकर्स ने अंतरा को अप्रोच किया है. हालांकि इसे लेकर अंतरा की ओर से किसी भी तरह का कंफर्मेशन नहीं दिया दिया गया है.

इसके साथ ही आपको बता दें कि इस वेब सीरीज की शूटिंग के मेकर्स और पूरी स्टार कास्ट मनाली रवाना हो गई है. इस सीरीज को कई एक्जॉटिक लोकोशंस पर शूट किया जाने वाला है. पहले की तरह सीरीज का ये पार्ट भी हॉटनेस और बोल्डनेस से लबरेज होगा. बता दें कि रागिनी एमएमएम रिटर्न्स वेब सीरीज अल्ड बालाजी की बेहद बोल्ड वेब सीरीज में गिनी जाती है.

अपने किरदार के लिए ज्यादा तैयारी करना पसंद है: आलिया फर्नीचरवाला

ऐक्ट्रेस पूजा बेदी की बेटी आलिया फर्नीचरवाला फिल्म जवानी जानेमन से अपना बॉलिवुड डेब्यू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। आलिया का कहना है कि अपने किरदार के लिए ज्यादा तैयारी करना उन्हें पसंद है।

इस फिल्म में आलिया सैफ अली खान की बेटी का किरदार निभाते हुए नजर आएंगी। फिल्म में अपने किरदार के लिए तैयारी करने के चलते आलिया जल्द ही लंदन के लिए रवाना होंगी और फिल्म की शूटिंग के शुरू होने से पहले सैफ और अन्य कलाकारों के साथ समय बिताएंगी।

आलिया ने कहा, मैं उनमें से हूं जिन्हें अधिक तैयारी करना पसंद है और इस वजह से मैं एक हफ्ते पहले ही लंदन चली जाऊंगी। मैं अपने किरदार को बेहतर ढंग से समझना और स्क्रिप्ट को और अच्छी तरह से पढ़ना चाहती हूं।

उन्होंने आगे कहा, मैं प्रतिष्ठित कलाकारों के साथ काम कर रहीं हूं जिन्हें मैं मानती हूं। जाहिर तौर पर मैं डरी हुई हूं। इस डर को कम करने के लिए नितिन सर ने सोचा कि कैमरे के सामने जाने से पहले सेट पर चीजों को अच्छे से समझ लेना ही मेरे लिए लिए बेहतर होगा। सैफ की ब्लैक क्नाइट फिल्म्स और जय सेवकरमानी की नॉर्दन लाइट फिल्म्स के सहयोग से जैकी भगनानी की पूजा एंटरटेनमेंट इस फिल्म प्रॉड्यूस कर रही हैं। यह फिल्म इस साल 29 नवंबर को रिलीज होगी। नितिन कक्कड़ के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में तब्बू भी हैं।